# 10. क्रिया

किसी काम का करना या होना क्रिया कहलाता है। जो शब्द काम का करना बताते हैं, वे क्रिया शब्द होते हैं। कुछ काम मानव, पशु-पक्षी आदि द्‌वारा किए जाते हैं तो कुछ कार्य प्रकृति द्‌वारा स्वतः ही होते हैं। जैसे- हवा का चलना, बारिश का होना आदि।

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को क्रिया के बारे में बताएँ। पाठ पृष्ठ 55 पर दिए चित्र को दिखाकर पूछें, चित्र में कौन-कौन क्या कर रहा है।
- ❖ चित्र के वाक्य पढ़वाएँ तथा बताएँ, खरीदना, तौलना, खाना, बेचना, देखना, खड़े होना तथा लेना ये सभी काम वाले शब्द हैं यानि ये क्रिया हैं।
- ❖ बच्चों से जानें, वे प्रतिदिन घर पर क्या-क्या काम करते हैं। उनकी माता जी क्या-क्या काम करती हैं आदि बातचीत द्‌वारा क्रिया समझाएँ।
- ❖ पाठ में दिए उदाहरणों की सहायता से क्रिया का अभ्यास करवाएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ 57 पर दी क्रियाएँ पढ़वाएँ।
- ❖ जो किसी काम या क्रिया को करता है, वह कर्ता कहलाता है। बताएँ।
- ❖ अपना उदाहरण देते हुए बता सकती हैं कि आप पढ़ा रही हैं, यह क्रिया है तथा आपके द्‌वारा पढ़ाने का काम हो रहा है इसलिए आप कर्ता हैं।
- ❖ पाठ अभ्यास करवाने में यथोचित सहायता करें।